नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## हिंदी विश्वविद्यालय में 'छायावाद के सौ वर्ष' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

वर्धा, दि. 07 मई 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग की ओर से 8 और 9 मई को 'छायावाद के सौ वर्ष' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का उदघाटन गालिब सभागार में प्रात:




11 बजे सुविख्यात आलोचक विजय बहादुर सिंह करेंगे। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल करेंगे। बीज वक्तव्य भाषा एवं अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ल देंगे। संगोष्ठी का प्रथम सत्र 'जयशंकर प्रसाद एवं सुमित्रानंदन पंत का काव्य' विषय पर, द्वितीय सत्र 'सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' एवं महादेवी वर्मा का काव्य' विषय पर तथा तृतीय सत्र 'छायावाद : विविध आयाम, समग्र मूल्यांकन' विषय पर होगा। संगोष्ठी में उपस्थित रहने की अपील संयोजक प्रो. अवधेश कुमार तथा सह-संयोजक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे ने की है।